290

परिवहन निगम मुख्यालय
लखनऊ।

पत्र संख्याः–177 विविध/2013–7विविध/2009 दि0: 30 सितम्बर, 2013

समस्त क्षेत्रीय प्रबन्धक,
उ0प्र0 परिवहन निगम।

विषयः–वीरता पुरस्कार से सम्मानित सैनिकों एवं पुलिस बल के जवानों को निःशुल्क बस यात्रा सुविधा प्रदान किये जाने के संबंध में।

उपरोक्त विषयक इस कार्यालय के परिपत्र संख्या–982 सीएसी/2002–52सीएसी/78 दिनांक 23.05.2002 का सन्दर्भ ग्रहण करें, जिसके माध्यम से निदेशक मण्डल द्वारा 153वीं बैठक दिनांक 01.05.2002 में लिये गये निर्णय के अनुसार सैन्य बल के सैनिको/अधिकारियों को युद्ध एवं शान्ति के समय वीरता पुरस्कारों से सम्मानित किये जाने पर निगम बसों में निःशुल्क यात्रा सुविधा अनुमन्य होगी, के सम्बन्ध में दिशा निर्देश भेजे गये थे। इस परिपत्र के अनुसार निम्न् वीरता पुरस्कार प्राप्त अधिकारियों/कर्मचारियों को निःशुल्क यात्रा सुविधा अनुमन्य की गयी थीः–

1. परमवीर चक्र।
2. अशोक चक्र।
3. सर्वोत्तम युद्ध सेवा मेडल।
4. परम विशिष्ट सेवा मेडल।
5. महावीर चक्र।
6. कीर्ति चक्र।
7. उत्तम युद्ध सेवा मेडल।
8. अति विशिष्ट सेवा मेडल।
9. वीर चक्र।
10. शौर्य चक्र।
11. युद्ध सेवा मेडल।
12. सेना मेडल।
13. विशिष्ट सेवा मेडल।
14. मेन्सन इन डिस्पैचेज।
15. चीफ ऑफ द आर्मी स्टाफ कमेन्डेशन कार्ड।

उपरोक्त अंकित बिन्दु संख्या–15 में "चीफ ऑफ द आर्मी स्टाफ कमेन्डेशन कार्ड" का उल्लेख होने के फलस्वरूप मात्र थल सेना के "कमेन्डेशन कार्ड" धारकों को निःशुल्क बस सेवा उपलब्ध हो पा रही थी तथा नौ सेना एवं वायु सेना के सैनिकों/अधिकारियों के उक्त "कमेन्डेशन कार्ड" धारकों को निगम बसों में निःशुल्क बस यात्रा की सुविधा उपलब्ध नहीं हो पा रही थी।

अतः उपरोक्त अंकित बिन्दु 15 के समतुल्य निम्न् 2 श्रेणियों से पुरस्कृत व्यक्तियों को भी निःशुल्क यात्रा सुविधा उपलब्ध कराये जाने का निर्णय निगम निदेशक मण्डल द्वारा दिनांक 05.09.2013 को आयोजित 195वीं बैठक में लिया गया है:–

1. चीफ ऑफ द नेवल स्टाफ कमेन्डेशन कार्ड।
2. चीफ ऑफ द एयर स्टाफ कमेन्डेशन कार्ड।

इस सुविधा हेतु पूर्व में जारी परिपत्र दिनांक 23.05.2002 में निर्धारित नियम और शर्ते पूर्ववत् प्रभावी होगी।

24/9/13
(राजेश कुमार)
प्रबन्ध निदेशक

प्रतिलिपिः–प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. निजी सचिव अध्यक्ष, प्रबन्ध निदेशक, अपर प्रबन्ध निदेशक, मुख्य प्रधान प्रबन्धक (प्रशासन), उ0प्र0 परिवहन निगम मुख्यालय, लखनऊ।
2. समस्त अधिकारी उ0प्र0 परिवहन निगम मुख्यालय, लखनऊ।
3. जन सम्पर्क अधिकारी, उ0प्र0 परिवहन निगम मुख्यालय, लखनऊ।

(राजेश वर्मा)
मुख्य प्रधान प्रबन्धक (संचालन)